विधान परिषद् सचिवालय

उत्तर प्रदेश

(अधिष्ठान अनुभाग)

संख्या– 64 / वि0प0 / अधि0 / 6 / 2018 दिनांकः 15 दिसम्बर, 2018

<u>साक्षात्कार–ज्ञाप</u>

श्री अशोक मिश्रा,
283/63 क, 20 प्रेमवती नगर,
लखनऊ।
....

उत्तर प्रदेश विधान परिषद् सचिवालय में प्रमुख सचिव के पद पर नियमित चयन कराये जाने हेतु दिनांक 27 नवम्बर, 2018 को विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापन के कम में आपको सूचित किया जाता है कि अधिसूचना संख्या–979 / 90–सं0–2018–38सं–2003 दिनांक 26.11.2018 द्वारा प्रख्यापित उत्तर प्रदेश विधान परिषद् सचिवालय सेवा (भर्ती तथा सेवा की शर्तें) (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2018 के नियम 6 (1) के प्राविधान के अनुसार माननीय सभापति द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि उक्त पद पर चयन की कार्यवाही साक्षात्कार, व्यक्तित्व परीक्षण, अधिमानी अर्हता, विशिष्ट अर्हताओं, प्रकाशित शोध पत्र एवं राज्य सरकार / भारत सरकार द्वारा प्रदत्त विशिष्ट सम्मान के आधार पर की जायेगी।

2– प्रमुख सचिव के पद पर चयन हेतु दिनांक 22 दिसम्बर, 2018 को पूर्वाह्न 11:00 बजे, मुख्य विधान भवन लखनऊ के द्वितीय तल स्थित कक्ष संख्या–31–ए (समिति कक्ष) में साक्षात्कार समिति की बैठक आहूत की गयी है। आप अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं अन्य प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियॉ जो प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न की गयी हैं तथा उक्त समस्त प्रमाण पत्रों की एक–एक स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति के साथ नियत स्थान, तिथि व समय पर उपस्थित होने का कष्ट करें। आपका विधान भवन में प्रवेश हेतु प्रवेश पत्र गेट संख्या–9 से निर्गत किया जायेगा अतः निर्धारित समय से कम से कम एक घंटा पूर्व गेट संख्या–9 पर पहुँचने का कष्ट करें। किसी प्रकार की कठिनाई के दृष्टिगत दूरभाष संख्या–0522–2238091 अथवा 0522–2238232 पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। मुख्य स्वागत अधिकारी एवं मुख्य प्रवेश पत्र कार्यालय का दूरभाष न0 0522–2213189 व 0522–2213190 है।

3– आप अपने साथ निम्न अभिलेखों को भी लाने का कष्ट करेंः–

(1) पासपोर्ट साइज की नवीनतम एक स्वप्रमाणित फोटो।

4– साक्षात्कार के समय किसी प्रकार का इलेक्ट्रानिक गैजेट / मोबाइल फोन रखना वर्जित है।

5– साक्षात्कार में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को कोई यात्रा भत्ता आदि देय नहीं होगा।

(देवेन्द्र कुमार गुप्ता)
विशेष सचिव